बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

आवश्यक सूचना

65वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा से सम्बधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारम्भिक परीक्षा सोमवार, दिनांक 17.02.2020 को 12.00 बजे मध्याह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी। उक्त परीक्षा हेतु ई–प्रवेश पत्र दिनांक 13.02.2020 से आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in अथवा www.onlinebpsc.bihar.gov.in पर डाउनलोड हेतु उपलब्ध रहेंगे।

तत्संबंधी विस्तृत सूचना एवं उक्त परीक्षा के वैसे अभ्यर्थी जिनका ई–प्रवेश पत्र में फोटो एवं हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय एवं रिक्त है, के संबंध में विस्तृत सूचना एवं घोषणा पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है।

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

65वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा

<u>आवश्यक सूचना</u>

65वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा के बहुदिव्यांग (Multiple) श्रेणी के अभ्यर्थियों का उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय एवं रिक्त है। वैसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कागजात/साक्ष्य, परीक्षा की निर्धारित तिथि 17.02.2020 को संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगेः–

1. अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध घोषणा पत्र को पूर्णरूप से भरकर उनके निर्दिष्ट स्थान पर किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित रंगीन फोटो चिपकाऐंगे एवं निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करेंगे।
2. राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित दो रंगीन फोटो में से एक फोटो अभ्यर्थी अपने ई–प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थान के बगल में चिपकाऐंगे। दूसरा फोटो ई–प्रवेश पत्र के कार्यालय प्रति में संबंधित परीक्षा पर केन्द्राधीक्षक के समक्ष चिपकाऐंगे।
3. आई॰डी॰ प्रूफ यथा– पैन कार्ड/आधार कार्ड/ड्राईविंग लाइसेंस/वोटर आई॰डी॰ कार्ड इत्यादि में किसी एक की छायाप्रति, जो राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित हो, उसे केन्द्राधीक्षक को निश्चित रूप से समर्पित/जमा करेंगे। उक्त पहचान–पत्र की मूल प्रति भी अपने साथ रखेंगे।
4. केन्द्राधीक्षक द्वारा अभ्यर्थी से प्राप्त उपर्युक्त सभी कागजातों एवं फोटो का मिलान/सत्यापन करने के पश्चात ही उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी।
5. वैसे दिव्यांग अभ्यर्थी, जो दिनांक 15.10.2019 को आयोजित 65वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, उन्हें पुनर्परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया गया है।

नोटः–विहित घोषणा पत्र आयोग के वेबसाईट <u>www.bpsc.bih.nic.in</u> पर उपलब्ध है।

12.2.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

परीक्षा का नाम : 65वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा

(बहुदिव्यांग (Multiple) श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए)

घोषणा पत्र

मैं...,पिता/पति का नाम.. रजिस्ट्रशन संख्या .... अनुक्रमांक.., एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैं दिनांक 17.02.2020 को आयोजित **65वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा, बहुदिव्यांग (Multiple) श्रेणी का अभ्यर्थी हूँ।** उक्त प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित **ई–प्रवेश–पत्र** में मेरा फोटो/हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय/रिक्त है, जिसके सत्यापन में इस घोषणा–पत्र के निर्दिष्ट स्थान पर चिपकाया गया राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो एवं हस्ताक्षर (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) मेरा ही है, किसी अन्य व्यक्ति का नहीं है। तत्संबंधी उपर्युक्त अंकित रजिस्ट्रेशन नं॰ के विरूद्ध समर्पित ऑनलाईन आवेदन में दी गई सभी सूचनाएँ/फोटो/हस्ताक्षर सत्य एवं सही है।

उपर्युक्त की गयी घोषणा, फोटो/हस्ताक्षर किसी अन्य के या गलत पाये जाते हैं तो उसके लिये मैं पूर्णतः जिम्मेवार होऊँगा/होऊँगी और इसके लिए मेरे विरूद्ध **वैधानिक/दण्डात्मक** कार्रवाई करते हुए मेरे आवेदन को रद्द कर दिया जायेगा, इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मैं आयोग के सभी नियमों/निर्णयों का पालन करने के लिए तैयार हूँ।

राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो चिपकायें

उम्मीदवार का हस्ताक्षर	
:– हिन्दी में	
:– अंग्रेजी में	

वीक्षक का हस्ताक्षर

केन्द्राधीक्षक का हस्ताक्षर